भारत सरकार

प्रधान मंत्री आवास योजना–शहरी
Pradhan Mantri Awas Yojna-Urban

# प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)

हमारा सपना...
हर शहरी गरीब का हो घर अपना

## "PMAY(U) से हमें जीवन जीने का नया आधार मिला है"

लाभुक का नाम - **शंभू सरदार**
निकाय - **आदित्यपुर नगर निगम**



आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र शाहपुरा, वार्ड नंबर 1 में रहने वाले शंभू सरदार औद्योगिक क्षेत्र की एक छोटी सी कंपनी में दैनिक मजदूरी का काम करता है व कच्चे घर में 5 सदस्य के परिवार के साथ रहता था। शंभू के लिए अपना खुद का पक्का घर होना सिर्फ एक सपना मात्र था परंतु आदित्यपुर नगर निगम द्वारा जब प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में शंभू को बताया गया तो शंभू ने तुरंत ही आवेदन भरा और किश्त की राशि प्राप्त होते ही एवं अपने द्वारा जोड़ी गई कुछ जमा पूंजी के साथ आवास निर्माण का कार्य शुरू कर दिया और देखते ही देखते इनका आवास बनकर तैयार हो गया। झारखंड के आदिवासी होने के नाते प्रकृति एवं झारखंड के चित्र कला के प्रति शंभू को काफी लगाव था, इसलिए शंभू ने निर्णय लिया कि अपने सपनों के घर की दीवारों पर सोहराय पेंटिंग करवाना है। अपनी निर्णय को मूर्त रूप देते हुए घर की दीवारों पर बहुत ही खूबसूरत कलाकृतियाँ दर्शायीं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने घर ने शंभू को दिलाई नयी पहचान और पूरे आदित्यपुर में शंभू का घर चर्चा का विषय बना गया। शंभू आज अपने घर में परिवार के साथ एक खुशनुमा जिंदगी जी रहा है और अपने घर की दीवारों पर उकेरी गयी कलाकृतियों के माध्यम से झारखंड की संस्कृति का भी संदेश फैला रहा है व खाली समय में प्रकृति बचाने हेतु सभी को पेड़ पौधा लगाने एवं संस्कृति को सहेजने का संदेश दे रहा है।

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार
टॉल फ्री नं०: 1800-120-2929 | वेबसाइट: dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA